राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–:प्रेस–नोट:–

एफ .7(02)/परीक्षा–ग/व.अ./माध्य. शिक्षा/2018–19/1748 दिनांक 19.11.2019

वरिष्ठ अध्यापक (माध्य.शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2018 (टीएसपी/नॉन–टीएसपी) के पदों हेतु अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु आयोग द्वारा जारी प्रेस–विज्ञप्ति क्रमांक 1741 दिनांक 09.11.2019 के क्रम में प्रथम चरण की काउन्सलिंग कार्यक्रम दिनांक 18.11.2019 से 25.11.2019 प्रातं–सत्र तक जारी किया जा चुका है।

अब द्वितीय चरण की काउन्सलिंग दिनांक 25.11.2019 सायं से दिनांक 03.12.2019 सायं तक आयोजित की जायेगी।

विस्तृत आवेदन पत्रों की जांच कार्यक्रम अभ्यर्थियों के प्रपत्रादि आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी किये जा रहे हैं, जिन्हें अभ्यर्थी दिनांक 20.11.2019 से डाउनलोड कर पात्रता कार्यक्रम अनुसार भरे हुए विस्तृत आवेदन पत्र की दो प्रतियों मय स्वप्रमाणित दस्तावेजों की एक प्रति के साथ निर्धारित अवधि में स्वयं व्यक्तिशः काउन्सलिंग के दौरान आयोग कार्यालय में उपस्थित होवें।

द्वितीय चरण की काउन्सलिंग हेतु अभ्यर्थियों को विषयवार/रोल नम्बर वाईज मय विस्तृत आवेदन पत्र दिनांक 25.11.2019 से काउन्सलिंग हेतु कार्यक्रमानुसार स्वयं उपस्थित होना है जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है:–

1– प्रत्येक विषय के आवेदन–पत्र मंगवाने हेतु पृथक–पृथक अवधि निर्धारित होगी जो प्रत्येक विषय की विचारित–सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र व्यक्तिशः काउन्सलिंग में जमा कराने हेतु उन्हें रोल नम्बरवार पृथक–पृथक दिनांक एवं सत्र (पूर्वान्ह एवं अपरान्ह) निर्धारित किया गया है।

2– प्रतिदिन जिस काउन्टर पर जिस विषय एवं रोल नम्बर की काउन्सलिंग होगी, आयोग के मुख्य द्वार के बाहर उक्त विषय एवं रोल नम्बर की सूचना चस्पा होगी।

उक्त सूचना समय पूर्व आयोग कार्यालय की वेबसाईट पर भी अभ्यर्थियों की सुविधार्थ उपलब्ध कराई जायेगी।

आयोग कार्यालय में अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग कराने हेतु TIME TABLE दिनांक 25.11.2019 से 03.12.2019 तक निम्नानुसार है:–

क्र. स.	विषय	विज्ञापित पद शुद्धि–पत्र दि. 23.07.2019 के अनुसार	परिणाम (विचारित–सूची) में सफल अभ्यर्थियों के रोल नम्बर		आयोग कार्यालय मेंकाउन्सलिग की दिनांक	कुल अभ्यर्थियों की संख्या
1	विज्ञान (नॉन–टीएसपी)	1172	400057	916128	25.11.2019 PM 26.11.2019 AM 26.11.2019 PM 27.11.2019 AM 27.11.2019 PM 28.11.2019 AM	2440
2	हिन्दी (नॉन–टीएसपी)	1568	400098	916881	28.11.2019 AM 28.11.2019 PM 29.11.2019 AM 29.11.2019 PM 02.12.2019 AM 02.12.2019 PM 03.12.2019 AM 03.12.2019 PM	3570
	Total	**2740**				**6010**

इस हेतु अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पृथक से कोई ऑफलाईन पत्र जारी नहीं किया जायेगा। शेष अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग कार्यक्रम की सूचना आयोग द्वारा यथा समय जारी कर दी जावेगी। आयोग द्वारा आगामी काउन्सलिंग संबंधी सूचना प्रेस–नोट द्वारा जारी कर दी जावेगी।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि आयोग द्वारा अपलोड किये गये 02 पात्रता प्रपत्रों, व काउन्सलिंग–पत्र के साथ अभ्यर्थियों के आवश्यक दिशा–निर्देशों को डाउनलोड कर उनका ध्यानपूर्वक अध्ययन करते हुए दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें।

निर्धारित दिनांक एवं समय पर विस्तृत आवेदन–पत्र मय अपेक्षित दस्तावेज व्यक्तिशः काउन्सलिंग के दौरान जमा नहीं कराने वाले अभ्यर्थी को काउन्सलिंग से वंचित कर दिया जायेगा, इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। निर्धारित अवधि में आवेदन–पत्र जमा नहीं कराने वाले अभ्यर्थी अन्तिम परिणाम हेतु विचारित योग्य नहीं होंगे, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउन्सलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(रेणु जयपाल)
सचिव